असंगठित क्षेत्र के लिये पेमेंट बैंक

drishtiias.com/hindi/printpdf/payments-bank-for-the-informal-sector

चर्चा में क्यों ?

भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतिम मंज़ूरी मिलने के बाद फिनो पेमेंट बैंक ने देश के 14 राज्यों में 410 शाखाओं के साथ परिचालन शुरू कर दिया। इससे दूरदराज़ के क्षेत्रों में बैंक की पहुँच सुनिश्चित होगी। इसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों के लिये बैंकिंग को सरल और सुविधाजनक बनाना है।

क्या है पेमेंट बैंक

- पेमेंट बैंक प्रायः समाचारों में देखा एवं सुना जाता है। दरअसल भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दो प्रकार के लाइसेंस जारी किये जाते हैं: सार्वभौमिक बैंक लाइसेंस (universal bank licence) और विभेदित बैंक लाइसेंस (differentiated bank licence)।
- एक पेमेंट बैंक, विभेदित बैंक लाइसेंस प्राप्त बैंकों की श्रेणी में आता है। पेमेंट बैंक एक विशेष प्रकार के बैंक हैं, जिन्हें कुछ सीमित बैंकिंग क्रियाकलापों की अनुमति है।
- पेमेंट बैंक ग्राहकों से जमा ले सकते हैं, किंतु लोन नहीं दे सकते। साथ ही यह भी निर्देश हैं कि इन बैंकों का परिचालन शुरुआत से ही पूर्णत: डिजिटल होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक ने 19 अगस्त, 2015 को 11 पेमेंट बैंकों को स्वीकृत प्रदान की थी।

पेमेंट बैंक के कार्य

- इन बैंकों को प्रमुखतः वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने हेतु कल्पित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लघु बचत खाते उपलब्ध कराना और प्रवासी श्रमिक वर्ग, निम्न आय अर्जित करने वाले परिवारों, लघु कारोबारों, असंगठित क्षेत्र की अन्य संस्थाओं और अन्य उपयोगकर्ताओं को सेवाएं प्रदान करना है।
- विदित हो कि प्रारंभ में पेमेंट बैंक प्रति व्यक्ति अधिकतम 100,000 की राशि जमा के तौर रख सकता है और यह डेबिट कार्ड जारी कर सकता है। उल्लेखनीय है कि यह क्रेडिट कार्ड जारी नहीं कर सकता।
- एक पेमेंट बैंक किसी अन्य बैंक के व्यापार संवाददाता (business correspondent) के रूप में काम कर सकता है। यह म्यूचुअल फंड यूनिट्स और बीमा उत्पादों के वितरण का भी कार्य कर सकता है। आरबीआई ने पेमेंट बैंक के लिये न्यूनतम 100 करोड़ रुपए की पेड-अप इक्विटी पूंजी अनिवार्य कर दी है।
- पेमेंट बैंक खोलने के लिये सैद्धांतिक रूप से 11 लाइसेंस प्राप्त करने वालों में से 7 संस्थाओं ने अंतिम रूप से पेमेंट बैंक खोलने की अनुमति प्राप्त की है। विदित हो कि चार भुगतान बैंकों एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, पेटीएम पेमेंट्स बैंक और फिनो पेमेंट्स बैंक ने परिचालन शुरू कर दिये हैं।